कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

9, सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001

विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2026 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों का आनलाइन आवेदन विगत वर्षो की भाँति माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर दिनांक 06–06–2026 से 27–06–2026 की मध्यरात्रि 12.00 बजे तक स्वीकार्य किया जायेगा।

1. **हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट के सम्बन्ध में:–**

इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये एक विषय में तथा कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये 02 विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। परीक्षा शुल्क रू0 256.50 (दो सौ छप्पन रूपये पचास पैसे) निर्धारित है।

2. **इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के सम्बन्ध में:–**

इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि भाग–1 एवं भाग–2 में निर्धारित विषयों में से किसी एक प्रश्नपत्र में एवं व्यवसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह माने जायेंगे। परीक्षा शुल्क रू0 306.00 (रुपये तीन सौ छः) निर्धारित है।

परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क को कोषागार में चालान के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के निम्नांकित मानक मद में जमाकर शुल्क के चालान की मूल प्रति के साथ हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के आनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति को डाउनलोड करके निर्धारित अंतिम तिथि 27–06–2026 के पश्चात 03 दिन के अन्दर परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजना अनिवार्य होगा।

कोषागार में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने हेतु निर्धारित मानक मद

0202 – शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति
01 – सामान्य शिक्षा
102 – माध्यमिक शिक्षा
02 – बोर्ड की परीक्षाओं का शुल्क
09 – कम्पार्टमेन्ट / इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा एवं प्राप्तांक शुल्क

हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित तथा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (आन्तरिक मूल्यॉकन) एवं इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित एवं प्रयोगात्मक दोनो भागों में अनुत्तीर्ण रहे परीक्षार्थियों को दोनो भागों की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। किसी विषय के दोनो में से किसी एक भाग में अनुत्तीर्ण तथा दूसरे भाग में उत्तीर्ण परीक्षार्थी केवल अनुत्तीर्ण भाग में अथवा यदि चाहें तो अनुत्तीर्ण तथा उत्तीर्ण दोनो भागों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इनकी लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं की परीक्षा तिथियों की सूचना पृथक से विज्ञापित करायी जायेगी।

4/6/26
(भगवती सिंह)
सचिव

Office Phone No. 0532-2622767, 2623182, 2623820
Camp Office Phone No. 0532-2260220, 2256860
Helpline No. 1800-180-5310 & 1800-180-5312
Website-upmsp.edu.in
Email-upmspprayagraj@gmail.com & upmspho@gmail.com

Follow us :
@upboardpryj
Madhyamik Shiksha Parishad Uttar Pradesh

Scanned with OKEN Scanner

पृष्ठांकन संख्याः मा०शि०प०/सिस्टम सेल/ 239-(1-6) दिनांकः 04 जून, 2026

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. उपसचिव माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, 18 पार्क रोड लखनऊ।
4. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/प्रयागराज/वाराणसी/ गोरखपुर को इस निर्देश के साथ कि जनहित में इसका अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि जनहित में इसका अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी अर्ह परीक्षार्थी आवेदन से वंचित न रहे।

4/6/26

(भगवती सिंह)
सचिव

Scanned with OKEN Scanner